अनुक्रमांक　　　　　　　　　　　मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12+2 मानचित्र

नाम

932　　　　　　　**825 (CI)**

**2017**

# सामाजिक विज्ञान

**केवल प्रश्न-पत्र**

**(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]*　　　　　　　*[ पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों — क एवं ख में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों को एक साथ हल करना आवश्यक है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।*

*(iii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।*



*(iv)* *प्रश्न-पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं — बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व दीर्घ-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिए गए हैं ।*

*(v)* *क तथा ख खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।*

*(vi)* *दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं ।*

---

## खण्ड क

## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

**1.** लोक सभा में नामित सदस्यों की संख्या है　　*1*

(अ) 2

(ब) 4

(स) 12

(द) 5

2. आधुनिक भारत का निर्माता किसे माना जाता है ? *1*

(अ) स्वामी विवेकानन्द को

(ब) रामकृष्ण परमहंस को

(स) स्वामी दयानन्द सरस्वती को

(द) राजा राममोहन राय को.

3. किस यूरोपीय शक्ति ने भारत में सबसे अन्त में प्रवेश किया ? *1*

(अ) हॉलैण्ड .

(ब) इंग्लैण्ड

(स) फ्रांस

(द) पुर्तगाल

4. भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है *1*

(अ) उप-राष्ट्रपति

(ब) प्रधान मन्त्री

(स) राष्ट्रपति

(द) मुख्य चुनाव आयुक्त

5. निम्नलिखित में से गुट-निरपेक्ष आन्दोलन का अग्रदूत कौन था ? *1*

(अ) मार्शल टीटो

(ब) जोसेफ़ स्टालिन

(स) विन्स्टन चर्चिल.

(द) फ्रैंकलिन रूज़वेल्ट



6. अमेरिका में स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाता है ? *1*

(अ) 26 जनवरी

(ब) 15 अगस्त

(स) 4 जुलाई

(द) 14 अगस्त.

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

7. भारत में संघीय कार्यपालिका के संवैधानिक एवं वास्तविक प्रधानों के नाम बताइए । *1+1*

8. यूरोप में औद्योगिक क्रान्ति के दो कारण कौन-से थे ? *1+1*

9. भारत के उन चार राज्यों का नाम लिखिए जो पाकिस्तान की सीमा को स्पर्श करते हैं । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

10. संघीय (केन्द्रीय) मंत्रिपरिषद् के तीन प्रमुख कार्य लिखिए । *1+1+1*

**अथवा**

भारतीय विदेश नीति के आधारभूत सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए । *3*

**11.** परिवार न्यायालय के पक्ष में अपने तर्क दीजिए । *1+1+1*

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ के किन्हीं तीन अंगों का नाम लिखिए । *1+1+1*

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

**12.** विश्व शान्ति के लिए गुट-निरपेक्षता क्यों आवश्यक है ? इसके महत्त्व की चर्चा उचित उदाहरणों सहित कीजिए । *3+3*

**अथवा**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना कब और कहाँ की गई ? इसके तीन मुख्य उद्देश्य लिखिए । $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+3$

**13.** गाँधीजी द्वारा संचालित तीन प्रमुख आन्दोलनों का नाम लिखिए । उनके अन्तिम आन्दोलन का विस्तार से वर्णन कीजिए । *1+1+1+3*

**अथवा**

राजा राममोहन राय कौन थे ? उनके प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए । *+4*



## (मानचित्र-कार्य)

**14.** निम्नलिखित स्थानों को **भारत** के दिए गए रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं ।

(i) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का प्रथम अधिवेशन 1885 में हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह नगर जहाँ गाँधीजी का जन्म हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ सेन्ट्रल हिन्दू कालेज की स्थापना हुई । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश दिया था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ चन्द्रशेखर आज़ाद शहीद हुए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग **न** कीजिए ।*

(i) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का प्रथम अधिवेशन 1885 में कहाँ हुआ था ? *1*

(ii) गाँधीजी का जन्म किस नगर में हुआ था ? *1*

(iii) सेन्ट्रल हिन्दू कालेज की स्थापना किस नगर में की गई ? *1*

(iv) गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ पर दिया था ? *1*

(v) चन्द्रशेखर आज़ाद कहाँ शहीद हुए थे ? *1*



**खण्ड ख**

**(बहु-विकल्पीय प्रश्न)**

*निर्देश : निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

15. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या है *1*

(अ) 111 करोड़

(ब) 120 करोड़

(स) 121 करोड़

(द) 119 करोड़

16. नीलगिरी पर्वत स्थित है *1*

(अ) तमिल नाडु

(ब) कर्नाटक

(स) केरल

(द) आंध्र प्रदेश

17. कन्याकुमारी स्थित है *1*

(अ) कर्नाटक

(ब) आंध्र प्रदेश

(स) केरल

(द) तमिल नाडु

18. चाय की खेती के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी मिट्टी उपयुक्त होती है ? *1*

(अ) जलोढ़ मिट्टी

(ब) पर्वतीय मिट्टी

(स) लाल मिट्टी

(द) काली मिट्टी

19. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की निर्यातक वस्तु है ? *1*

(अ) लौह एवं इस्पात सामान

(ब) चमड़ा एवं चमड़ा निर्मित वस्तुएँ

(स) खाद्य तेल

(द) पेट्रोलियम एवं पेट्रोलियम उत्पाद

20. निम्नलिखित में से कौन-सा गृह उद्योग है ? *1*

(अ) हथकरघा उद्योग

(ब) सीमेन्ट उद्योग

(स) चीनी उद्योग

(द) जूट उद्योग

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

21. वस्तु विनिमय प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए । *2*

22. आर्थिक नियोजन की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *1+1*

23. सार्वजनिक वितरण प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए तथा इसके किसी एक लाभ का वर्णन कीजिए । *1+1*



**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

24. भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या की किन्हीं तीन समस्याओं की विवेचना कीजिए । *1+1+1*

**अथवा**

'जनसंख्या घनत्व' को परिभाषित कीजिए तथा जनगणना 2011 के अनुसार भारत में जनसंख्या के घनत्व का उल्लेख कीजिए । *2+1*

25. विकासशील देशों की किन्हीं तीन विशेषताओं की विवेचना कीजिए । *1+1+1*

**अथवा**

विभिन्न देशों को विकसित एवं विकासशील श्रेणी में बाँटने के तीन आधार बिन्दुओं को लिखिए । *1+1+1*

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**

26. भारत के पूर्वी तटीय मैदान का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिए : *2+2+2*

(अ) स्थिति एवं विस्तार

(ब) कृषि के लिए महत्त्व

(स) प्रमुख बन्दरगाह

**अथवा**

भारत के पठारी भाग का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिए : *2+2+2*

(अ) स्थिति एवं विस्तार

(ब) भौतिक स्वरूप

(स) जल प्रवाह

27. कृषि निविष्टियों से क्या तात्पर्य है ? किन्हीं पाँच निविष्टियों का महत्त्व बताइए ।  *1+1+1+1+1+1*

**अथवा**

भारत में भूमि सुधार कार्यक्रमों की विवेचना निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिए :  *3+3*

(अ) उद्देश्य

(ब) कार्यक्रम

**(मानचित्र-कार्य)**

***निर्देश :*** ***भारत*** *के दिए गए मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए ।*

**28.** (i) सतपुड़ा पर्वत चिह्न द्वारा नाम सहित ।  $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) मालाबार तट चिह्न द्वारा नाम सहित ।  $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) राँची ● चिह्न द्वारा नाम सहित ।  $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) लौह एवं इस्पात उद्योग का एक केन्द्र △ चिह्न द्वारा नाम सहित ।  $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) कावेरी नदी चिह्न द्वारा नाम सहित ।  $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग **न** कीजिए ।*

(i) झारखण्ड की राजधानी का नाम लिखिए ।  *1*

(ii) दुर्गापुर किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है ?  *1*

(iii) काग़ज उद्योग के एक केन्द्र का नाम लिखिए ।  *1*

(iv) पोखरण किस राज्य में स्थित है ?  *1*

(v) कृष्णा नदी किस खाड़ी में गिरती है ?  *1*